Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 127 रायपुर, रविवार 1 जून 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## नॉर्थ-ईस्ट बारिश का कहर: असम, मिजोरम, मणिपुर अरुणाचल में तबाही का मंजर, 32 लोगों की मौत



**नई दिल्ली,** 1 जून (न्यूज चैनल)। देश में मानसून की एंट्री हो गई है। इस वक्त मानसून देश के कई राज्यों में एक्टिव हो गया है। इसी के साथ ही देश के कई राज्यों में भारी बारिश हो रही है। नॉर्थ-ईस्ट में बारिश जमकर कहर बरपा रही है। असम, मिजोरम, मणिपुर अरुणाचल में हर तरफ तबाही का मंजर दिख रहा है। असम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में बारिश और लैंडस्लाइड से करीब 32 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से असम में 16, अरुणाचल में 9, मिजोरम में 4 और मेघालय में 3 लोगों की जान गई है। अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं मिजोरम में लैंडस्लाइड में 13 घर जमींदोज हो गए। बीते दो दिनों से हो रही भारी बारिश और लैंडस्लाइड से 32 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि सिक्किम में 1500 टूरिस्ट फंसे हुए हैं। तेजी से राहत और बचाव कार्य किए जा रहे हैं।

इधर भारतीय मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और बारिश की चेतावनी को दी है। पूरे क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण बाढ़ आई और लैंडस्लाइड से पूरे नॉर्थ-ईस्ट में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। असम में सभी मौतें लैंडस्लाइड-बाढ़ के चलते हुईं। अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट कामेंग जिले में हाईवे 13 पर भूस्खलन की चपेट में आई कार गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दो परिवारों के 7 लोग मारे गए।

### सिक्किम में 1500 टूरिस्ट फंसे

**अरुणाचल प्रदेश में गाड़ी बहने से 7 की मौत**- चीन की सीमा से सटे अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ ने कहर ढाया है। एक वाहन बह जाने से सात लोगों की मौत हो गई। एक अन्य घटना में दो लोग डूब गए। राज्य में मरने वालों की कुल संख्या 9 हो गई है।

**मिजोरम, त्रिपुरा और मेघालय में 24 घंटे में 8 मौतें**- मिजोरम, त्रिपुरा और मेघालय में पिछले 24 घंटे में 8 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि अचानक बाढ़ आ गई और लैंडस्लाइड की वजह से मौतें हुई हैं। यहां रुक-रुक कर भारी बारिश हो रही है।

**मणिपुर में जनजीवन ठप**- मणिपुर की राजधानी इम्फाल में लगातार तीन दिनों की बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह ठप कर दिया है। शहर के कई हिस्सों में जलभराव की गंभीर स्थिति है। प्रशासन ने इम्फाल नदी के किनारे बसे इलाकों में रहने वाले लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। साथ ही बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई है।

**हिमाचल प्रदेश में आज और कल के लिए ऑरेंज अलर्ट**- हिमाचल प्रदेश में आज और कल के लिए आंधी-बारिश और तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 1 जून को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में अलग-अलग स्थानों के लिए चेतावनी जारी की गई है।

## रायपुर में मंत्री और विधायकों ने मनाया विश्व साइकिल दिवस



**रायपुर,** 1 जून (हाईवे चैनल)। विश्व साइकिल दिवस से पहले राजधानी रायपुर में रविवार को साइकिल रैली निकाली गई. इस रैली में खेल मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक गुरु खुशवंत साहेब और मोतीलाल साहू समेत कई लोग शामिल हुए. रैली का मकसद लोगों को सेहत और फिटनेस के लिए साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करना था. मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है और जब भी मौका मिले, हर किसी को साइकिल जरूर चलानी चाहिए. उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार भी लोगों को स्वस्थ रहने के लिए साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर रही है. 3 जून को साइकिल दिवस मनाया जाता है, चूंकि आज रविवार है इसलिए राजधानी में आज साइकिल दिवस मनाया जा रहा है. विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि साइकिल चलाने से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं. जब व्यक्ति फिट होता है तो वह अपने कार्यों में पूरी एकाग्रता और ऊर्जा के साथ जुड़ता है. उन्होंने कहा कि जीवन में साइकिल चलाना जरूरी है क्योंकि यह हमें फिट रखता है.

## ब्रेकिंग न्यूज

### उत्तरप्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म



**नई दिल्ली,** 1 जून (न्यूज चैनल)। हेट स्पीच केस में सजा के एलान के बाद यूपी के मऊ से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म हो गई है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनकी सीट को रिक्त घोषित कर दिया है। इसके लिए रविवार को छुट्टी के दिन सचिवालय खोला गया। चुनाव आयोग को इसकी सूचना भेज दी गई है। अब इस विधानसभा सीट के उपचुनाव पर सबकी नजर है। बीते विधानसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन के मामले मे फैसला शनिवार को हुआ। सीजेएम डॉ. केपी सिंह ने मामले में पक्षकारों की बहस सुनने के बाद फैसला के लिए 31 मई की तिथि नियत की थी। सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब्बास अंसारी को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही अलग अलग धाराओं के तहत कुल 11 का जुर्माना भी लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी और अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था।

### गाजा में राहत सामग्री लेने जा रहे फलस्तीनियों पर गोलीबारी 26 लोगों की मौत, 175 घायल

**नई दिल्ली,** 1 जून (न्यूज चैनल)। गाजा पट्टी में इजराइल समर्थित एक संगठन से सहायता आपूर्ति प्राप्त करने के लिए जाते समय रविवार को कम से कम 26 फलस्तीनियों की मौत हो गई। यह जानकारी रेडक्रॉस द्वारा संचालित एक अस्पताल ने दी। इस अस्पताल में इन लोगों के शवों को लाया गया। अस्पताल में अधिकारियों ने बताया कि 175 अन्य लोग घायल हुए हैं। उन्होंने यह नहीं बताया कि उन पर गोलीबारी किसने की। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के एक पत्रकार ने अस्पताल में इलाज करा रहे दर्जनों घायलों को देखा। 'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा सहायता आपूर्ति का वितरण किए जाने के दौरान अराजकता की स्थिति बनी हुई है। कई प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा है कि इजराइली सैनिकों ने सहायता वितरण स्थलों के पास भीड़ पर गोलीबारी की। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, रविवार से पहले कम से कम छह लोग मारे गए तथा 50 से अधिक घायल हुए। 'फाउंडेशन% का कहना है कि उसके स्थलों की सुरक्षा कर रहे निजी सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ पर गोली नहीं चलाई जबकि इजराइली सेना ने चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाने की बात स्वीकार की है। फाउंडेशन ने लोगों के हताहत होने की घटना पर टिप्पणी करने के अनुरोध पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इसने पहले एक बयान में कहा था कि उसने रविवार की सुबह 16 ट्रक से भेजी गई सहायता वितरित की और इस दौरान ''कोई घटना नहीं हुई।

## छत्तीसगढ़ में पाकिस्तान के जासूस! एनआईए ने 8 राज्यों में 15 स्थानों पर ली तलाशी




**रायपुर,** 1 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में पाकिस्तान के जासूस होने की खबर है. राष्ट्रीय जांच एजेंसी (आईएनए) ने शनिवार को पाकिस्तान से जुड़े जासूसी मामले में छत्तीसगढ़ सहित देश भर के आठ राज्यों में 15 स्थानों पर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया. एनआईए की टीम ने छत्तीसगढ़ के अलावा दिल्ली, महाराष्ट्र (मुंबई), हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, असम और पश्चिम बंगाल में पाकिस्तान खुफिया संचालकों (पीआईओएस) से जुड़े संदिग्धों के परिसरों में तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और संवेदनशील वित्तीय दस्तावेजों के साथ-साथ अन्य आपत्तिजनक सामग्री किए गए हैं.

एनआईए की जांच के अनुसार, जिन संदिग्धों को निशाना बनाया गया, उनके पाकिस्तानी गुर्गों से संबंध थे और वे भारत में जासूसी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए वित्तीय माध्यम के रूप में काम करते थे. एनआईए ने 20 मई को एक आरोपी व्यक्ति की गिरफ्तारी के बाद मामला दर्ज किया था, जो 2023 से पीआईओ के साथ संवेदनशील जानकारी साझा कर रहा था, और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित वर्गीकृत जानकारी लीक करने के बदले भारत में विभिन्न माध्यमों से धन प्राप्त कर रहा था. आतंकवाद विरोधी एजेंसी बीएनएस 2023 की धारा 61(2), 147, 148, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम 1923 की धारा 3 और 5 और यूए(पी) अधिनियम 1967 की धारा 18 के तहत दर्ज मामले में अपनी जांच जारी रखे हुए है.।

## शराब घोटाले में फरार आरोपी विजय भाटिया दिल्ली से गिरफ्तार, दुर्ग में निवास पर ईओडब्ल्यू का छापा

**दुर्ग,** 1 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में फरार आरोपी कारोबारी विजय भाटिया को ईओडब्ल्यूने दिल्ली स्थित उनके ठिकाने से गिरफ्तार किया है। ईओडब्ल्यू की टीम भाटिया को पूछताछ के लिए छत्तीसगढ़ ला रही है। इसके साथ ही, दुर्ग के नेहरू नगर स्थित भाटिया के निवास पर ईओडब्ल्यू ने छापा मारा। बता दें कि शराब कारोबारी विजय भाटिया इससे पहले भी प्रवर्तन निदेशालय, एंटी करप्शन ब्यूरो और ईओडब्लयू की रडार पर रह चुके हैं। उनके ठिकानों पर यह तीसरी बार छापेमारी की गई है। पिछली बार छापे के दौरान भाटिया फरार थे और जांच एजेंसियों को उनके ठिकाने का पता नहीं चला था। ईडी ने अपनी चार्जशीट में 21 लोगों को आरोपी बनाया है, जिनमें पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, छत्तीसगढ़ डिस्टलर, वेलकम डिस्टलर, टॉप सिक्योरिटी, ओम साईं ब्रेवरेज, दिशिता वेंचर, भाटिया वाइन मर्चेंट और सिद्धार्थ सिंघानिया जैसे नाम शामिल हैं। 28 दिसंबर 2024 को श्वष्ठ ने कवासी लखमा और उनके परिवार के सदस्यों के ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस जब्त किए गए। इनमें अपराध से अर्जित आय के सबूत मिले थे। इसके बाद 15 जनवरी 2025 को लखमा को गिरफ्तार कर लिया गया।

## थाईलैंड की ओपल सुचाता ने रचा इतिहास 107 सुंदरियों को हरा बनीं मिस वर्ल्ड 2025




**नई दिल्ली,** 1 जून (न्यूज चैनल)। मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगिता का आयोजन इस बार भारत के तेलंगाना राज्य की राजधानी हैदराबाद में हुआ, जहां दुनिया भर की 108 सुंदरियों ने अपनी प्रतिभा और सौंदर्य का प्रदर्शन किया। वहीं, बीती शाम इसका ग्रैंड फिनाले हुआ और थाईलैंड की ओपाल सुचाता चुआंगसरी ने इसका प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। जहां ओपाल के सिर मिस वर्ड 2025 का ताज सजा। वहीं, मिस इथियोपिया इसकी फर्स्ट रनर अप रहीं और मिस पोलैंड सेकंड रनरअप रहीं। मिस वर्ल्ड 2025 बनने के बाद से ओपल सुचाता खूब चर्चा में हैं। थाईलैंड की सुंदरी ओपल सुचाता चुआंगश्री ने 21 साल की उम्र में मिस वर्ल्ड 2025 का खिताब अपने नाम किया है। ओपल की जीत ने न सिर्फ थाईलैंड का मान बढ़ाया है, बल्कि एशिया में भी एक नई मिस वर्ल्ड विजेता का एडिशन हुआ है।

## अवैध मादक पदार्थ हीरोइन (चिट्टा) के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 1 जून (हाईवे चैनल)। पुलिस महानिरीक्षक अमरेश कुमार मिश्रा व पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ लाल उमेन्द सिंह द्वारा अवैध नशे से संबंधित, प्रतिबंधित मादक पदार्थ, प्रतिबंधित नशीली टेबलेट एवं सिरप तथा सूखे नशे के तस्करी, खरीदी-बिक्री, नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार झा के निर्देशन मे थाना प्रभारी आमानाका द्वारा टीम गठित कर लगातार मादक पदार्थ हीरोइन (चिट्टा) व अन्य नशीले पदार्थ खरीदी-बिक्री, नियंत्रण एवं रोकथाम के लिये कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 30.05.25 को थाना आमानाका टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आमानाका क्षेत्र अंतर्गत नया बाइपास रोड पंजाबी ढाबा के सामने 02 व्यक्ति आल्टो कार में अवैध रूप से मादक पदार्थ हीरोइन (चिट्टा) रखे हुये है तथा बिक्री करने ग्राहक तलाश कर रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते एवं नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक अमन कुमार झा (भा.पु.से.) द्वारा थाना प्रभारी आमानाका को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को मादक पदार्थ हीरोइन के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर थाना प्रभारी आमानाका व उनकी टीम द्वारा आमानाका क्षेत्रांतर्गत नया बाइपास रोड पंजाबी ढाबा के सामने दो व्यक्तियो को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में सन्देहीयो ने अपना नाम सिलवेस्टर रोजेश पिता स्व. क्रिस्टोफर रोजेश उम्र 34 वर्ष निवासी 24,25अटल आवास डूमरतालाब, आमानाका, रायपुर छ. ग. एवं विजय सिन्हा पिता सतीश सिन्हा उम्र 39 वर्ष निवासी स्कूल 27 वीर सावरकर नगर हीरापुर आमानाका, रायपुर छ. ग. का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसकी तलाशी लेने पर पेंट की जेब में प्लास्टिक की पन्नी में बंधी हुई पुड़िया को लपेटकर छुपा कर रखा था एवं कार तलासी लेने पर कार क्रमांक सीजी 04 एमवाई 8147 केड्राइवर सीट के ऊपर सन वाइजर मे छुपाकर रखे प्लास्टिक की पन्नी में बंधी हुई पुड़िया को रखा था। जिसे पूछने पर मादक पदार्थ हीरोइन (चिट्टा) होना बताया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी सिलवेस्टर रोजेश एवं विजय सिन्हा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 14ग्राम 09 मिली ग्राम मादक पदार्थ हीरोइन (चिट्टा) ,कीमती 1,49,000.00/- रूपये जप्त कर आरोपीयो के विरूद्ध थाना आमानाका में अपराध क्रमांक 156/25 धारा 21 बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

## टैक्स चोरी करने वाले व्यवसायियों पर स्टेट जीएसटी की बड़ी कार्रवाई, 158 करोड़ का टर्नओवर पर नगद भुगतान शून्य

**रायपुर,** 1 जून (हाईवे चैनल)। स्टेट जीएसटी विभाग ने कर चोरी करने वाले व्यवसायियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. स्टेट जीएसटी अंबिकापुर द्वारा मेसर्स बंसल ट्रेडिंग कार्पोरेशन अंबिकापुर के व्यवसाय स्थल पर जांच की गई है. आधिकारिक जानकारी के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा संचालित जीएसटी पोर्टल के अनुसार इनका रिस्क स्कोर 10 आ रहा था, जिसका आशय होता है कि फर्म कर अपवंचन में संलिप्त है. जब मौके पर जांच टीम पहुंची तो, देखा कि उनके व्यवसाय स्थल पर व्यवसाय से संबंधित कोई भी लेखा पुस्तक या कोई भी सॉफ्टवेयर जैसे कि टैली का संधारण नहीं पाया गया, जिससे कर अपवंचन की संभावना बढ़ गई. आगे जांच में पाया गया कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक कुल टर्नओवर लगभग 158 करोड़ रुपए से अधिक है, लेकिन उस पर कर का नगद भुगतान शून्य है.

जब ई-वे बिल की जांच की गई तो पता चला कि वर्ष 2023-24 में माल की खरीदी 29.50 करोड़ रुपए की गई, मगर माल की सप्लाई मात्र 50 लाख रुपए की ही की गई. इससे यह पता चलता है कि माल का विक्रय आम उपभोक्ता को किया गया है, किंतु बिल को अन्य व्यवसायियों को बेचकर बोगस त्रस्ञ्ज इनपुट टैक्स का लाभ दिया गया है, जिससे कि केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकार को कर राजस्व की अत्यधिक हानि हुई है. जांच के दौरान व्यवसायी के द्वारा अपनी गलती त्रुटि स्वीकार करते हुए स्वैच्छिक रूप से रू. 40.00 लाख कर भुगतान करने की मंशा जाहिर की किंतु जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने व्यवसायी से लेखा पुस्तक एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने की मांग की. व्यवसायी की ओर से अभी तक कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया है. इसके अलावा 30 व 31 मई को मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडर्स, अंबिकापुर के व्यवसाय स्थल पर स्टेट जीएसटी विभाग अंबिकापुर द्वारा जांच की कार्रवाई की गई है. इनके यहां जांच में पाया गया कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक कुल टर्नओवर लगभग 96 करोड़ रुपए से अधिक है, लेकिन उस पर कर का नगद भुगतान नगण्य किया गया है. साथ ही जब ई-वे बिल की जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि वर्ष 2023-24 में माल की खरीदी 11 करोड़ रुपए की गई, लेकिन माल की सप्लाई मात्र 7 करोड़ रुपए की ही की गई है.

## तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक को मारी टक्कर दादा और पोते की मौके पर मौत, महिला घायल



**खैरागढ़,** 1 जून (हाईवे चैनल)। गंडई-कवर्धा मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह भीषण सड़क हादसे में दादा और पोते की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में महिला (दादी) गंभीर रूप से घायल हुई है. यह हादसा गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरही नदी पुल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार हाइवा ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी. यह दर्दनाक हादसा पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है.

जानकारी के अनुसार, साजा ब्लॉक के ग्राम पदमी निवासी परमेश्वर निर्मलकर, उनकी पत्नी इंद्राणी निर्मलकर और पोता डिकेश निर्मलकर लमरा गांव में अपनी बेटी के घर आए हुए थे. रविवार सुबह तीनों बाइक से अपने गांव पदमी लौट रहे थे. जैसे ही वे सुरही नदी पुल के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाइवा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि परमेश्वर निर्मलकर और उनके पोते डिकेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इंद्राणी निर्मलकर गंभीर रूप से घायल हो गई. हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों का पंचनामा किया और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.